Total No. of Printed Pages : 11

**Subject Code : 05** **B23-HN**

**1009** **944849**

**2023**

# HINDI

## (Modern Indian Language)

*Full Marks : 100*

*Pass Marks : 30*

*Time : 3 hours*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

परीक्षार्थी खण्ड – क और खण्ड – ख

*अथवा*

खण्ड – क और खण्ड – ग के उत्तर एक ही खाते में दें।

## GROUP – A

## (खण्ड – क)

(पूर्णांक : 75)

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो : $1 \times 2 = 2$

(क) "मोको कहाँ ढूँढ़े बन्दे" – यहाँ 'मोको' पद किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(ख) 'कबीर' शब्द का अर्थ क्या है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दो : $2 \times 7 = 14$

(क) कबीरदास के अनुसार कैसे गुरु–शिष्य अन्तकाल में पछताते हैं ?

(ख) 'चलनो अब केतिक' – यह प्रश्न सीता की किस दशा को सूचित करता है ?

(ग) ग्राम–वधुओं ने सीता से क्या पूछा था ?

(घ) बच्चे की 'दंतुरित मुसकान' का क्या तात्पर्य है ?

(ङ) 'अफसर' नामक पाठ किस प्रकार की रचना है ? इसके रचयिता कौन हैं ?

(च) अफसर की विदाई का भाषण देने वाले के सामने किस प्रकार का धरम–संकट रहता है ?

(छ) मर्यादापूर्वक जीवन बिताने के लिए कौन–सा गुण अनिवार्य है ? उस गुण का क्या परिणाम निकलता है ?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दो : $3 \times 7 = 21$

(क) कवि ने किरणों के सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(ख) "उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क" – का आशय क्या है ?

(ग) महाराणा प्रताप ने दूसरे की अधीनता स्वीकार करने के बजाय कष्ट झेलना उचित क्यों समझा था ?

(घ) जब मुंशी वंशीधर रोजगार की तलाश में निकले तो उनके पिता जी ने क्या उपदेश दिया था ?

(ङ) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के भ्रमण पर जाने के सिलसिले में विद्यार्थियों को क्या-क्या निर्देश दिये गए थे ?

(च) राजकुमार सिद्धार्थ ने हंस पर अपना अधिकार किस आधार पर जताया था ?

(छ) तीर्थ-यात्रा पर जाने से पहले की रात लाजवंती के घर में क्या कार्यक्रम हो रहा था ?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दो : $4 \times 2 = 8$

(क) "उठी झुलसाती हुई लू,

रुई-ज्यों जलती हुई भू,

गर्द चिनगीं छा गई,

प्राय: हुई दुपहर:

वह तोड़ती पत्थर ।"

– इन काव्य-पंक्तियों का आशय स्पष्ट करो ।

(ख) नीहारिका ने दक्षिण भारत की सैर की तैयारी में अपने कंप्यूटर से किस प्रकार मदद ली थी ?

**अथवा**

"जैसे एक सिक्के के दो पहलू होते हैं वैसे ही संसार की हर वस्तु के अच्छे और बुरे दो पहलू होते हैं ।" – किसने, किससे और कब ऐसा कहा था ?

## (व्याकरण और रचना)

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखो : $1 \times 2 = 2$

आँख ; कपड़ा ; गंगा ; चन्द्र ।

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्दों के विलोमार्थी शब्द लिखो : $1 \times 2 = 2$

अमृत ; कायर ; उत्थान ; गमन ।

7. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्द–जोड़ों के अर्थ का अन्तर स्पष्ट करो : $1 \times 2 = 2$

अवधि – अवधी ; जलज – जलद ; अभिराम – अविराम ; अलि – अली ।

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्द–समूहों के लिए एक–एक शब्द दो : $1 \times 2 = 2$

जिसके आने की तिथि पता न हो ; जो कहा न जा सके ; जो संगीत जानता है ; जो पर के अधीन है ।

9. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्द–समूहों का समास साधित करके समास का नाम लिखो : $1 \times 2 = 2$

क्रम के अनुसार ; रसोई के लिए घर ; अष्ट अध्यायों का समाहार ; पाप और पुण्य ।

10. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : $1 \times 2 = 2$

अपना उल्लू सीधा करना ; आस्तीन का साँप ; ईद का चाँद होना ; किताब का कीड़ा होना ।

11. निम्नलिखित में से किसी एक वाक्य को मिश्र वाक्य में परिवर्तित करो : 1

(क) उसने अपने को निर्दोष घोषित किया ।

(ख) मोहन ने अपने मित्र का मकान खरीदा ।

12. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करो : 1 × 2 = 2

(क) प्रेमचंद ने अनेकों उपन्यास लिखे ।

(ख) बाघ और बकरी एक ही घाट पानी पीती है ।

(ग) काशी सदा भारतीय संस्कृति का केन्द्र रहा है ।

(घ) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ ।

## (पत्र-लेखन)

13. हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में बताते हुए अपने मित्र/अपनी सहेली को एक पत्र लिखो । 5

**अथवा**

बढ़ती हुई महँगाई पर चिन्ता प्रकट करते हुए गुवाहाटी से प्रकाशित होने वाले 'दैनिक पूर्वोत्तर' समाचार-पत्र के संपादक के नाम पर एक पत्र लिखो ।

## (परिपूरक पाठ)

14. (क) पाठ्यक्रम के द्रुतपाठ (वैचित्र्यमय असम) में सन्निविष्ट **किन्हीं दो** जनगोष्ठियों का संक्षिप्त परिचय दो । $3 \times 2 = 6$

(ख) पाठ्यक्रम के द्रुतपाठ (वैचित्र्यमय असम) में सन्निविष्ट **किन्हीं दो** जनगोष्ठियों के विशेष रूप से अपनी-अपनी जनगोष्ठियों को योगदान देने वाले (एक-एक व्यक्ति) **दो व्यक्तियों** पर टिप्पणी लिखो । $2 \times 2 = 4$

## GROUP – B

## (खण्ड – ख)

## (पूर्णांक : 25)

15. निम्नलिखित प्रश्नों के सटीक उत्तर दो :

(क) "पण्डिते पढ़े शास्त्र मांत्र सार भकते लीयै ।
अन्तर जल छुटय कमल मधु मधुकर पीयै ।।
याहे भकति ताहे मुकुति भकते ए तत्व जाना ।
यैसे वणिक चिंतामणिक जानि गुण बखाना ।।"

– इन काव्य-पंक्तियों का आशय स्पष्ट करो । 4

(ख) कवि ने किस प्रकार की विपत्तियों में हँसते-हँसते कदम मिलाकर आगे बढ़ने की बात की है ? 3

(ग) साम्प्रदायिक दृष्टिकोण का खण्डन करते हुए अमीर खुसरू ने क्या कहा है ? 5

(घ) अस्पताल में रहते समय अरुणिमा के मन में कैसे ख़याल आये थे ? 4

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर एक अनुच्छेद लिखो : **5**

(क) स्वास्थ्य अमूल्य धन है

(ख) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(ग) मित्रता

(घ) रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून ।

17. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अलंकारों का सोदाहरण परिचय प्रस्तुत करो : **$2 \times 2 = 4$**

(क) अनुप्रास

(ख) यमक

(ग) रूपक

(घ) विरोधाभास

## GROUP – C

## (खण्ड – ग)

**(पूर्णांक : 25)**

1. Translate **any one** of the following in your mother language : **4**

निम्नलिखित में से किसी एक का अनुवाद अपनी मातृभाषा में करो :

(a) सत्येन लोकं जयति दानैर्जयति दीनताम् ।
गुरुन् शुश्रूष्या जीयाद्धनुषा एव शात्रवान् ।।

(b) पुरातनकाले गौतममुनेः तपोवने कश्चित् महातपा नाम मुनिः आसीत् । अथैकदा सः मुनि आश्रमस्य समीपे काकमुखात् भ्रष्टमेकं मूषिकशावकं दृष्टवान् ।

(c) वयं सर्वेः मिलित्वा प्रदर्शिनीकार्य कुर्मः । नूतनानि फलकानि लिखामः । बहुनि वस्तुनि सङ्गृह्णीमः ।

2. Answer **any one** of the following : **2**

निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दो :

(a) Who is the speaker of this line ? Why did the speaker say so ?

निम्न पंक्ति का वक्ता कौन है ? वक्ता ने ऐसा क्यों कहा है ?

'........ सर्वे मम स्वरूपाख्यानम् एवमेव वदन्ति ।' –

(b) What are the qualities of विद्या ?

विद्या के गुण क्या-क्या हैं ?

3. Fill in the blanks in the following verse with appropriate words : **3**

निम्नलिखित काव्य-खण्ड के रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त शब्दों से करो :

पृथिव्यां _______ रत्नानि जलमन्नं _______।

मूढैः पाषाणखण्डेषु _______ विधीयते ।।

**OR / अथवा**

_______ श्लाध्यपदं प्राप्य _______ हन्तुमिच्छति ।

मूषको व्याघ्रतां प्राप्य _______ हन्तुं गतो यथा ।।

4. Answer the following questions in **Sanskrit** : 1 × 3 = 3

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दो :

(क) कुत्र शिष्यज्ञानं प्रकाशयेत् ?

(ख) सम्मेलने काः बिहुनृत्यं कुर्वन्ति ?

(ग) कक्षायां कः अनुपस्थितः अस्ति ?

**OR / अथवा**

Write the Sanskrit synonyms of **any three** of the following words : 1 × 3 = 3

निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं तीन** के संस्कृत समानार्थक शब्द लिखो :

मातुल, गीतम्, चित्राणि, छात्र, परन्तु

5. Match the following words of Group A with the words of Group B : 1 × 3 = 3

निम्नलिखित 'क' अंश के शब्दों को 'ख' अंश के शब्दों से मिलाओ :

| **Group A / अंश–'क'** | **Group B / अंश–'ख'** |
|---|---|
| षष्ठी | शाखाः |
| चतस्रः | गुणाः |
| त्रयः | विभक्ति |

6. (a) Derive **any two** of the following words : 1½ × 2 = 3

निम्नलिखित पदों में से **किन्हीं दो** की व्युत्पत्तियाँ बताओ :

(i) 'जयति' in Q. No. 1.(a)

प्रश्न. नं. 1.(a) में 'जयति'

(ii) 'दृष्टवान्' in Q. No. 1.(b)

प्रश्न. नं. 1.(b) में 'दृष्टवान्'

(iii) 'मिलित्वा' in Q. No. 1.(c)

प्रश्न. नं. 1.(c) में 'मिलित्वा'

(iv) 'आसीत्' in Q. No. 1.(b)

प्रश्न. नं. 1.(b) में 'आसीत्'

(b) Decline **any four** of the following words : **1 × 4 = 4**

निम्नलिखित में से किन्हीं चार के शब्द–रूप लिखो :

(i) 'पितृ' in 2nd case-ending plural

'पितृ' द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में

(ii) 'युष्मद्' in 4th case-ending dual

'युष्मद्' चतुर्थी विभक्ति के द्विवचन में

(iii) 'सखि' in 6th case-ending plural

'सखि' षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में

(iv) 'गो' in 3rd case ending singular

'गो' तृतीय विभक्ति के एकवचन में

(v) 'अस्मद्' in 5th case-ending dual

'अस्मद्' पंचमी विभक्ति के द्विवचन में

(vi) 'राजन्' in 7th case-ending singular.

'राजन्' सप्तमी विभक्ति के एकवचन में

(c) Conjugate **any three** of the following : **1 × 3 = 3**

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** के धातु–रूप लिखो :

(i) √अद् + लट् ति ।

(ii) √दा + विधिलिङ् यात् ।

(iii) √हन् + लृट् स्यामि ।

(iv) √नृत् + लङ् द् ।

(v) √कृ + लोट् हि ।

---